समाचार

जनसमस्याओं का निराकरण करने वार्ड क्र. 45 व 46 में पहुंचे महापौर

(बस्तियों का किया पैदल भ्रमण, नागरिकों से हुए रूबरू, जानी समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश)

कोरबा 11 जनवरी 2021 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने रविवार को दर्री जोन के वार्ड क्र. 45 व 46 स्थित विभिन्न बस्तियों का दौरा किया, बस्तियों में पैदल भ्रमण करते हुए वहां के निवासियों से प्रत्यक्ष भेंट की, उनकी समस्याओं व विकास संबंधी आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा समस्याओं के निराकरण के संबंध में त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही करने अधिकारियों को निर्देश दिए।

अपनी चिरपरिचित कार्यशैली के अनुरूप महापौर श्री प्रसाद ने रविवार को दर्री जोन के वार्ड क्र. 45 व 46 का स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ भ्रमण किया। इस दौरान वार्ड क्र. 45 उड़िया बस्ती में वहां के निवासियों की मांग पर नाली का निर्माण कराने तथा सोकपिट बनाए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार इसी वार्ड के राजीवनगर बस्ती में निर्मित नाली जो वर्तमान में मिट्टी से भर चुकी है, उक्त नाली से मिट्टी को निकालकर दुरूस्त करने तथा आवश्यकतानुसार मरम्मत व सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होने वार्ड क्र. 45 की ही स्याहीमुड़ी बस्ती में सांई मंदिर के सामने स्थित सार्वजनिक पण्डाल का मरम्मत कार्य करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होने स्याहीमुड़ी कब्रिस्तान हेतु सुगम पहुंच मार्ग के लिए सी.सी. सड़क का निर्माण कराए जाने को कहा। महापौर श्री प्रसाद ने वार्ड की रामनगर बस्ती में पहुंचकर वहां के महिलाओं व बस्तीवासियों से भेंट की, उनकी समस्याओं को जाना तथा निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान महापौर श्री प्रसाद वार्ड क्र. 46 अयोध्यापुरी पहुंचे उन्होने अयोध्यापुरी हाई स्कूल से एस.एल.आर.एम.सेंटर तक सी.सी.सड़क व उरांव मोहल्ला में बिजली खंभों की स्थापना व नाली निर्माण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। अयोध्यापुरी के भांठापारा मोहल्ला में वहां के निवासियों द्वारा विद्युत खंभों की मांग की गई, जिस पर उन्होने आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए, साथ ही कुदूरमाल तालाब के गहरीकरण एवं बस्ती में विद्युत खंभें लगाए जाने की वहां के निवासियों की मांग पर भी आवश्यक कार्यवाही करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिया। वार्ड क्र. 46 अयोध्यापुरी के भांठापारा

स्थित तालाब के गहरीकरण, सामुदायिक भवन का निर्माण व सड़क रोशनी के लिए बिजली खंभों की मांग वहां के निवासियों द्वारा की गई, इसी प्रकार नया भांठापारा आर.सी.सी.सड़क का निर्माण, तालाब का गहरीकरण कराए जाने का अनुरोध वहां के नागरिकों द्वारा किया गया, जिस पर समुचित रूप से आवश्यक कार्यवाही करने हेतु उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया।

चोरभट्ठी में लगाई जनचौपाल– अपने भ्रमण के दौरान महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्र. 47 स्थित चोरभट्ठी बस्ती में पहुंच कर वहां जनचौपाल लगाई, वहां के नागरिकों से उनकी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। चोरभट्ठी के निवासियों ने एन.टी.पी.सी., आई.ओ.सी. व सी.एस.ई.बी. के भूविस्थापित लोगों को रोजगार मुहैया कराने व भूविस्थापित ग्रामों में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं एवं उनका विकास किए जाने का अनुरोध किया, जिस महापौर श्री प्रसाद ने बस्तीवासियों को आश्वस्त किया कि निश्चित रूप से इस पर सज्ञान लिया जाएगा तथा संबंधित प्रतिष्ठानों के अधिकारियों से चर्चा कर आप सबकी मंशा अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

एस.एल.आर.एम.सेंटर का किया निरीक्षण–भ्रमण के दौरान महापौर श्री प्रसाद ने वार्ड क्र. 46 अयोध्यापुरी स्थित निगम के एस.एल.आर.एम.सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होने गीले व सूखे कचरे के पृथकीकरण कार्य का अवलोकन करते हुए एस.एल.आर.एम.सेंटर की व्यवस्थाओं व समूचे परिसर का निरीक्षण किया, सेंटर में साफ–सफाई व्यवस्था बनाए रखने, सूखे व गीले कचरे का उचित रूप से प्रबंधन करने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन देने के साथ ही वहां पर उपस्थित स्वच्छता दीदियों से चर्चा की तथा कार्यो के संबंध में विस्तार से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

भ्रमण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुनील पटेल, पार्षद फिरतराम साहू, पुष्पा कंवर, अमित मिंज, एल्डरमेन मनीराम साहू, पूर्व सभापति धुरपाल सिंह कंवर, पूर्व पार्षद अंतराम प्रजापति व विनीत एक्का, रेखा त्रिपाठी राजेन्द्र सिंह ठाकुर, बंटी अग्रवाल, बनवारी आदित्य, संजय कंवर, शशि साहू, सरस्वती कंवर, विवेक श्रीवास, सिंकदर मेमन, बिसाहू दास, भुवनेश्वर दुबे, डॉ.डी.आर.नेताम आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे